# ACB Newsletter

Vol.11, Issue. 3, July-September2024

## Inside this Issue


- Havan, Book Exhibition and Tree Plantation
- Activities at a Glance
- Guest Lectures on a Spree
- Conferences/Seminars/ Workshops/ FDPs
- Sports Activities
- List of Certificates, Diploma & Advance Cources


## From the Desk of Editor-in-Chief

*Warm Greetings to all the readers from the Editorial Board. The second quarter of the year 2024 was full of myriad activities in academics , co-curricular as well as research and development area. This issue brings to its readers all the activities and events of the college during July 2024 to September2024. The team hopes that this newsletter gives its readers a new experience*

***Editor-in-Chief***




**Team Baati felicitated by Hon'ble Governor of Haryana**

## Pick of the Issue



**Manish Narwal felicitated by the Principal, Dr. Sanjeev Kr. Gupta**



**Dr. Sanjeev Kumar Gupta Honoring the National flag**

Vol.11, Issue. 3, July-September 2024

# New Session started with Havan, Book Exhibition and Tree Plantation in Agrawal College Ballabgarh

Aggarwal College Ballabgarh commenced the new academic session 2024-25 on 22nd July 2024 with the auspicious Hawan ceremony under the supervision of Sh. Devender Gupta, President College Governing Body and Sh. Dinesh Gupta General Secretary. Seeking the blessings of the Almighty at the beginning of every session is a regular feature of Aggarwal College Ballabgarh. After the successful completion of the hawan, the Guests proceeded towards the Central Library which has been rechristened as Lala Ratan Singh Gupta Memorial Library after the former President of the College who was a beacon of enlightenment and knowledge in the field of academia. An exhibition of books was laid which was duly inaugurated by the President Sir, and Secretary Sir . They were joined by acting Principal Dr Sanjeev Gupta and Dr Ram Chander Librarian of the College. An array of books were displayed such as Sampurn Natak by Bhisham Sahni, Granthavali by Dharamvir Bharti, famous titles on freedom fighters, the complete anthology on Rabindranath Tagore, Sanskriti ke Chaar Adhyay by Ramdhari Singh Dinkar, Sampurn Sursagar to name a few. The College Library has a rich repository of unique anthologies of Indian Knowledge System. The President and all the faculty paid tribute to former Chairman Sh Ratan Singh Gupta. He stressed on the crucial role of library in promoting research, ethics and other important values. Another event that marked the day was the beginning of 'Tree Plantation Fortnight' drive named 'Ek Ped Ma ke Naam', an initiative by PM Sh Narendra Modi. President, Gen Secretary, Principal and all the faculty members with the volunteers planted fruit trees. All the units of YRC, RRC, NCC and NSS will plant trees in both the wings and all the faculty will adopt one tree to ensure it blooms during this drive. All present pledged to save the environment.



## अग्रवाल कॉलेज में नए सत्र के शुभारंभ पर हवन, पुस्तक प्रदर्शनी और वृक्षारोपण का आयोजन

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 22 जुलाई को नए सत्र 2024 के शुभारंभ में हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता, अन्य माननीय सदस्य, प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता, विंग 1 प्रभारी डॉ सचिन गर्ग, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार शुद्ध मंत्रोच्चारण एवं संपूर्ण विधि विधान के साथ हवन संपन्न हुआ। तत्पश्चात अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के भूतपूर्व प्रधान स्वर्गीय लाल रतन सिंह गुप्ता की स्मृति में अग्रवाल कॉलेज में लाला रतन सिंह गुप्ता मैमोरियल पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। साथ ही, पुस्तकालय भवन में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी का भी मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं दिनेश गुप्ता ने अवलोकन कर भूरि भूरि प्रशंसा की।

इस पुस्तक प्रदर्शनी में हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध साहित्यकारों से संबंधित पुस्तकों( संपूर्ण सूरसागर, संस्कृति के चार अध्याय -डा रामधारी सिंह दिनकर, धर्मवीर भारती ग्रंथावली, रविंद्र नाथ टैगोर और रचनावली ,वैदिक साहित्य और संस्कृति, रामायण कालीन साहित्य का महत्व इत्यादि) को प्रदर्शित किया गया । पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ रामचंद्र ने बताया कि हिंदी साहित्य का इतना विशाल संग्रहण हरियाणा की गिनी चुनी लाइब्रेरी में मिलता है जिनमें से एक अग्रवाल कॉलेज की लाल रतन सिंह गुप्ता मैमोरियल पुस्तकालय में है।



इसके साथ-साथ अग्रवाल कॉलेज के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉलेज के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी ने हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई स्कीम "एक पेड़ मां के नाम" के तहत पौधारोपण किया।

पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा किया गया इसमें महाविद्यालय की एनएसएस की तीनों यूनिटों की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा, श्रीमती रीतिका सेहरावत व राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 50 स्वयंसेवक मौजूद रहे व इसके साथ-साथअग्रवाल कॉलेज की दोनों विंग में वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें अलग-अलग प्रकोष्ठों एवं इकाइयों( वाई आ रसी, आर आर सी, स्वच्छता सेनानी, एनसीसी इत्यादि) के द्वारा पौधा रोपण किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए जाएंगे। पौधरोपण कार्यक्रम के पीछे प्रधान जी का जो लक्ष्य है वह बिगड़ते हुए पर्यावरण के प्रति चिंता व पर्यावरण को मानव के जीने योग्य बनाने के लिए प्रयास है उन्होंने यह भी कहा कि अगर हर नागरिक अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझें और सभी एक एक पौधा लगाएं व उसका ध्यान रखें तो सभी पर्यावरण संबंधी समस्याओं का निपटारा हो जाना निश्चित है । महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता भी एक-एक पौधा लगाएंगे औ उसकी देखभाल करेंगे। इस प्रकार अग्रवाल कॉलेज कॉलेज में लगभग 400 से 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है।



# The College Central Library rechristened as Lala Ratan Singh Gupta Memorial Library












# ACTIVITIES AS A GLANCE

सोका टाइम्स
हरियाणा, मंगलवार, 30 जुलाई, 2024

## कॉलेज में कॉमन रूम व कैंटीन के नवीनीकरण का किया उद्घाटन

संवाददाता। फरीदाबाद

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने छात्रों के लिए एक कॉमन रूम स्थापित किया है और कैंटीन का नवीनीकरण व उन्नयन किया है। कॉमन रूम का उद्घाटन अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, सचिव दिनेश गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत कैंटीन संयोजक डॉ. प्रियंका सहरावत द्वारा गुलदस्ता भेंट कर किया गया।

संपूर्ण कार्य अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, कैंटीन संयोजक डॉ. प्रियंका सहरावत, डॉ. ज्योति यादव एवं डॉ. पूजा शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। कॉमन रूम छात्रों को समाचार देखकर खाली समय का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और कैंटीन छात्रों को स्वस्थ भोजन प्रदान करेगी। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के एनईपी सेल ने अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नई शैक्षिक नीति की मुख्य विशेषताओं और उद्देश्यों से परिचित कराना था। मल्टीपल एंट्रीज एंड मल्टीपल एग्जिट्स और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स विषय के तहत कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, एनईपी सेल की संयोजक डॉ. प्रियंका सहरावत ने व्याख्यान दिया। उन्होंने देश के शिक्षा परिदृश्य को बदलने में एनईपी के महत्व पर प्रकाश डाला। व्याख्यान



का उद्देश्य एनईपी-2020 के बारे में छात्रों की समझ को गहरा करना है, जो भारत के शिक्षा परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है। उन्होंने एनईपी-2020 के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें समग्र शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण और कक्षाओं में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। उन्होंने छात्रों को एनईपी-2020 के तहत एकाधिक प्रवेश और निकास की अवधारणा के बारे में बताया। उन्होंने प्रमुख, लघु और एमडीसी विषयों और एनईपी-2020 के तहत उन्हें चुनने की पात्रता के बारे में भी जानकारी दी। सत्र में एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर खंड शामिल था, जहां छात्र सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

वक्ता ने बताया कि एनईपी-2020 उनके शैक्षणिक और करियर पथ को कैसे प्रभावित कर सकता है। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के 100 छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर इंटरैक्टिव सत्र और चर्चा में शामिल हुए। छात्रों को नीति द्वारा प्रोत्साहित नवाचार, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों के लिए इस तरह के व्यावहारिक कार्यक्रम के आयोजन में एनईपी सेल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिक समावेशी और प्रगतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एनईपी के लक्ष्यों के साथ अपनी शैक्षणिक प्रथाओं को संरेखित करने की कॉलेज की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। डॉ. रेखा सैन और डॉ. प्रिया अरोड़ा एनईपी सेल के सदस्य ने पूरे कार्यक्रम का बहुत अच्छे से संचालन किया। कुल मिलाकर, एनईपी संवेदीकरण कार्यक्रम छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा लाए गए परिवर्तनकारी परिवर्तनों की गहरी समझ हासिल करने के लिए एक मूल्यवान मंच साबित हुआ। कार्यक्रम को खूब सराहा गया, छात्रों और शिक्षकों ने प्रदान की गई जानकारी की स्पष्टता और गहराई के लिए सराहना व्यक्त की।






## अग्रवाल कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान का आयोजन




संवाददाता। फरीदाबाद

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के यूथ रेडक्रॉस व सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण का आयोजन किया।

गौरतलब है कि अग्रवाल कॉलेज के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार व कॉलेज के महासचिव एडवोकेट दिनेश गुप्ता की देखरेख में पौधारोपण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधान का कहना है कि धरती मां को जीने लायक बनाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे व उनकी देखभाल भी करनी होगी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के हर एक शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी एक पौधा लगाएगा। इसी क्रम में फिर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने उपस्थित स्टाफ सदस्यों व वालंटियर्स की उपस्थिति में पीपल, आम, जामुन नींबू आदि के पौधे लगाए व उनकी देखभाल की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. केएल कौशिक, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह आदि मौजूद थे।



## Tree Plantation Drive amidst Kargil diwas

Aggarwal College Ballabgarh celebrated Kargil Diwas on 26 July 2024 amidst fortnightly Tree Plantation Drive under 'Ek Ped Ma Ke Naam', an initiative of PM Sh Narendra Modi. The NCC unit of the college celebrated the Kargil Diwas by paying homage to the martyrs of Kargil. The unit Lieutenant Dr Pooja Saini under the guidance and directions of President Sh. Devender Gupta, General Secretary Sh.Dinesh Gupta and Acting Principal Dr Sanjeev Gupta planted trees in remembrance of the martyrs. All the NCC cadets were present to mark the day. On the same day SDG club of the college also planted saplings in the college premises under the Plantation drive and took pledge to safeguard the environment. The event was supported by Dr K L Kaushik. The Convenor Dr Sarika Kanjlia and Coordinators Dr Rekha Sain , Dr Devender, Dr Inayat, Mr Subhash and Ms Neha Goel were present in this ecofriendly initiative. Plants were distributed among students also.





# महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल दिवस

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लबगढ़। वीरवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ में प्राचार्य डॉक्टर संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में एन सी सी के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियो के लिए महत्वपूर्ण दिवस है। भारत मे प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओ के बीच 1999 में कारगिल युद्ध हुआ जोकि 60 दिनों तक चला। 26 जुलाई के दिन इसका अंत हुआ और भारत विजयी हुआ। कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉक्टर पूजा सैनी द्वारा 60 दिन चले लंबे युद्ध में भारतीय शहीदों की गौरव गाथा का वर्णन किया और साथ इस दिन सभी कैडेट को कारगिल विजय दिवस से संबंधित एक मूवी दिखाई गई, जिसने सभी कैडेटो मे मातृभूमि की रक्षा हेतु उमंग की भावना भर दी। इसी के साथ महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान महाविद्यालय प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता और महासचिव एडवोकेट दिनेश गुप्ता के करकमलों से वृक्षारोपण पखवाड़े का शुभारंभ 22 जुलाई से किया गया। प्रधान जी का कहना है कि धरती मां को जीने लायक बनाने के लिए हमे अधिक से अधिक पेड लगाने होंगे तथा उनकी देखरेख भी करनी होगी। इसी श्रृंखला में आज महाविद्यालय वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. के. एल. कौशिक, एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ. पूजा सैनी, सस्टेनेबल डेवलेपमेंट गोल्स क्लब संयोजिका डॉ. सारिका कंजलिया ने क्लब कॉर्डिनेटर सहित महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया और देखभाल करने का संकल्प लिया द्य साथ ही कैडेट्स व वालंटियर्स को पौधे वितरण किए गए ताकि वह अपने आसपास पौधे लगाकर पर्यावरण को उन्नत बनाने में अपना सहयोग करें द्य 1-हरियाणा नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन विक्रम सेगत ने भी इस कार्य की प्रशंसा की द्य इस अवसर पर डॉ. रेखा सेन, डॉ. देवेंद्र, डॉ. इनायत चौधरी, मैडम नेहा गोयल एवं क्लब वालंटियर्स उपस्थित रहे।



# सात दिवसीय एंटी रैगिंग प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के सक्षम मार्गदर्शन में अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने एकलौन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में चलाये जा रहे सात दिवसीय एंटी रैगिंग वीक 12 से 18 अगस्त में सक्रिय रूप से 17 अगस्त 2024 को भाग लिया। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने निबंध और सृजनात्मक पोस्टर के माध्यम से एंटी-रैगिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। 17 अगस्त को आयोजित हुई पोस्टर मेकिंग में कनिका, बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम तथा प्राची बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिमांशी बीएससी गणित ऑनर्स प्रथम वर्ष ने प्रथम, ऋतिक बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा प्राची बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कॉलेज का नाम रोशन किया। छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु डॉ. प्रिया अरोड़ा सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग मौजूद रहीं।

कॉलेज के प्रधानाचार्य ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है और वे भविष्य में भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल करते रहें।

इस अवसर पर डॉ. के. एल. कौशिक विभागाध्यक्ष गणित, डॉ. रामचंद्र लाइब्रेरियन, डॉ. प्रिया अरोड़ा विभाग गणित एवं डॉ. विनीत नागपाल विभाग कंप्यूटर साइंस मौजूद थे।





# अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य में किया शानदार प्रदर्शन

नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। राज्य स्तरीय श्रमिक जागरूकता समारोह में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य में शानदार प्रदर्शन किया जिससे प्रभावित होकर श्रम विभाग ने सभी छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि श्रम मंत्री आदरणीय मूलचंद शर्मा ने महाविद्यालय की छात्राओं को 2100 रुपये नकद प्रोत्साहन राशि भी दी। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय गवर्निंग बॉडी के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता के संरक्षण में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



अनाज मंडी बल्लभगढ़ में 13 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक जागरूकता समारोह में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक गान और हरियाणवी नृत्य की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 संजीव कुमार गुप्ता ने छात्राओं व कल्चरल विभाग की कन्वीनर डॉ0 सुप्रिया ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को उत्कृष्टता के लिए कठिन प्रयास करने के लिए प्रेरित कर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते है और उनकी प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मदद भी करते है।

कल्चरल विभाग की कन्वीनर डॉ0 सुप्रिया ढांडा ने इस उत्साहवर्धन और शुभकामनाओं के लिए प्राचार्य डॉ0 संजीव गुप्ता का आभार प्रकट किया। प्रतिभागी छात्राओं में वैशाली, प्रिया, पूजा, मुस्कान, यशवी, मीनाक्षी, खुशबू, खुशी, भूमिका, तानिया, वंदना, आरती, सानिया और पूजा ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।





# अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्याशी परिषद् रिफॉर्म्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन

बल्लभगढ़, 17 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद् रिफॉर्म्स 2024 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला का विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बाइनरी एक्रीडिटेशन फ्रेमवर्क का परिचय" रहा। यह कार्यक्रम अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता जी एवं महाविद्यालय सचिव दिनेश कुमार गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



अग्रवाल महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी ने विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए प्राचार्यगणों को पौधा भेंट करके स्वागत किया एवं उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया के पुराने और नए (बाइनरी) सिस्टम के बारे में तुलनात्मक विचार प्रस्तुत किये। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ० के० एल० कौशिक जी ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद का मुख्य उद्देश्य कॉलेज और उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा की 'गुणवत्ता' की समझ पैदा करना है। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से वैश्य कॉलेज भिवानी, वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल एवं सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में शिक्षण और सीखने की आधुनिक विधियों, मूल्यांकन प्रक्रिया में विश्वसनीयता, सहायक संरचना और सेवाओं की पर्याप्तता, रखरखाव और उचित आवंटन सुनिश्चित करना, मैट्रिक्स और मापन, सर्वोत्तम अभ्यास और चुनौतियां जैसी अनेक बातों पर विचार विमर्श किया गया। बाहर से आए हुए सभी कॉलेजों ने इस कार्यशाला का लाभ उठाया। कार्यशाला में सुझाव और शंकाओं के लिए जगह खुली रखी गई थी और सभी ने इसका भरपूर स्वागत किया।

टीमों को कॉलेज का दौरा कराया गया और परिसर की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। कॉलेज की लाइब्रेरी की बहुत प्रशंसा की गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० विनीत नागपाल (प्रवक्ता कंप्यूटर विभाग) द्वारा किया गया। डॉ० सारिका कंजलिया (प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग) इस कार्यक्रम की आयोजन सचिव रही। इस अवसर पर वैश्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल, वैश्य कॉलेज भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल, वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. पी.के. शर्मा, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल की प्राचार्य डॉ. वंदना त्यागी मौजूद थी। यह एक सफल कार्यक्रम रहा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

बल्लभगढ़, 29 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में "हॉकी के जादूगर" मेजर ध्यानचंद की 119वीं जयंती के उपलक्ष



में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया व कॉलेज के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार 2012 में इस दिन को राष्ट्रीय उत्सवों की सूची में शामिल किया गया ताकि देश में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व को लेकर जागरूकता फैले। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद ने भारत को ओलंपिक में लगातार तीन बार वर्ष 1928,1932 व 1936 में स्वर्ण पदक जिताकर हैट्रिक बनाई थी। उन्होंने खेलों को समर्पण व खेल भावना से खेला तभी वे इतने महान खिलाड़ी बने कि आज हम उनका जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ के एल कौशिक, खेलकूद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जगवीर सिंह व पवन दलाल मौजूद रहे।



# अग्रवाल महाविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह मनाया गया



नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ.संजीव कुमार गुप्ता के सक्षम मार्गदर्शन में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त 2024 को मनाया गया। यह कार्यक्रम पूरे देश में इसरो की पहल और भारत सरकार के निर्देश पर चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग (23 अगस्त 2023) के अवसर पर मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण क्षेत्र में हुई उपलब्धियों से विद्यार्थियों को प्रेरित और शिक्षित करना था।

इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता चंद्रयान-3, भारत के आगामी चंद्र मिशन पर एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन था। इस डॉक्यूमेंट्री ने छात्रों को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के उद्देश्यों, प्रौद्योगिकियों और चुनौतियों के बारे में गहन समझ प्रदान की। डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन के बाद, छात्रों से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस में सक्रिय रूप से भाग लेने और भारत के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए उन्हें शपथ दिलवाई। यह प्रतिज्ञा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का समर्थन करने, STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को प्रोत्साहित करने और राष्ट्र के प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक प्रगति में

योगदान देने हेतु थी। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण के महत्व और युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह एक सफल कार्यक्रम था, जिसमें छात्रों को अंतरिक्ष के चमत्कारों का अन्वेषण करने और राष्ट्र के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया और इसे आयोजित करने में डॉ. देवेंद्र (भौतिक विज्ञान), डॉ. प्रिया अरोड़ा (गणित विभाग) तथा डॉ. प्रियंका सेहरावत (रसायन विभाग) ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ. अजीत सिंह यादव (भौतिक विज्ञान) एवं डॉ. विनीत नागपाल (कंप्यूटर विभाग) से मौजूद थे। विज्ञानिक उत्सुकता को बढ़ावा देने और अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष उत्साहियों को प्रशिक्षित करने के महाविद्यालय के प्रयासों का प्रमाण कार्यक्रम के सुचारु संगठन और प्रभावशाली परिणाम में दिखाई दिया।






# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सेल्फी विद तिरंगा और शपथ कार्यक्रम



बल्लभगढ़। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सेल्फी विद तिरंगा और शपथ कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में एनसीसी के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शपथ और सेल्फी विद तिरंगा गतिविधियां आयोजित की गई। एनसीसी के कैडेट ने प्राचार्य और एएनओ की उपस्थिति में शपथ ली। सभी एनसीसी कैडेट और एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट पूजा सैनी ने व्यक्तिगत रूप से तिरंगे के साथ अपनी फोटो ली और सरकार द्वारा दिशा निर्देश ईमेल पर अपलोड कर सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम में अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। हरियाणा नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन विक्रम सेगत ने सभी कैडेट और एएनओ को बधाई दी।



# चंदावली में यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। शुक्रवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के तरह गोद लिए गांव चंदावली में कॉलेज चेयरमैन देवेंद्र गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल दिशानिर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के आदेशानुसार वृक्षारोपण अभियान के तहत संबंधित कॉलेजों के सहयोग से इस शैक्षणिक सत्र में एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



अग्रवाल महाविधालय ने भी इस अभियान का आगाज किया। इसके अंतर्गत यूनिवर्सिटी आउटरीच ईचार्ज सुभाष कैलोरिया के नेतृत्व में कॉलेज वालंटियर्स ने थाना सदर आईएमटी चंदवाली के प्रांगण में पौधारोपण किया। विदित है कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संपूर्ण राष्ट्र वृक्षारोपण महोत्सव मना रहा है।

इस अवसर पर विनोद पीएसआई, अक्षय पीएसआई, रविंद्र, राजकुमार, ऋषि, योगेश, प्रवीण पम्मी, कीर्तिका, रोहित, तरुण, ललित, अमर चकमा सहित पुलिस स्टाफकर्मी मौजूद रहे।




# अग्रवाल महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा रैली

संवाददाता। फरीदाबाद

अग्रवाल महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब ने सड़क सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम के तहत अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को निकालने का उद्देश्य स्वयंसेवकों के माध्यम से जनमानस को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करना था। कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है, उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहना चाहिए तथा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलवाई। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अमूल्य जीवन को अत्यधिक गति में वाहन चलाकर नशे और दुर्घटनाओं में समय न गवाने की शपथ दिलवाई और सामाजिक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में लगभग 70 स्वयंसेवक-सेविकाओं ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे नारों के साथ यह रैली बल्लभगढ़ में सेक्टर-2 में निकाली गई। महाविद्यालय में समय-समय पर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए



## राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

अग्रवाल महाविद्यालय दिनांक 23.08. 2024 को संस्कृत दिवस (श्रावणी पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में संस्कृत विभाग और भारतीय ज्ञान – विज्ञान परंपरा केंद्र के अंतर्गत राज्य स्तरीय ( डिजिटल) प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया । राज्य स्तरीय डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों – फरीदाबाद, पलवल, झज्जर,गुड़गांव, रोहतक,जींद,भिवानी, यमुनानगर,अंबाला, बहादुरगढ़ और कुरुक्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालय महाविद्यालय से 145 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया तथा 83 ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को ऑनलाइन लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य था। 23 अगस्त को क्विज लिंक रजिस्टर्ड प्रतिभागियों को निश्चित समय सीमा के लिए शेयर किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं को ई –सर्टिफिकेट प्रदान जाएगा स संस्कृत विभाग की अध्यक्ष और भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा केंद्र की संयोजिका डॉ पूजा सैनी के कुशल नेतृत्व महिला राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दयानंद महिला महाविद्यालय कुरूक्षेत्र की छात्रा काजल, द्वितीय स्थान पर अग्रवाल महाविद्यालय का छात्र देवेन्द्र और तृतीय स्थान पर राजकीय स्नातकोत्तर नेहरु महाविद्यालय झज्जर की छात्रा अनीता रही द्य प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में सात दिवसीय वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी विंग-1, डॉ. सचिन गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग, प्रबंधन विभाग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के साथ-साथ एनएसएस, खेल क्लब, स्वास्थ्य क्लब, वाईआरसी और स्वच्छता सेनानी ने 7 अगस्त से 14 अगस्त 2024 तक एक सप्ताह तक चलने वाले वृक्षारोपण अभियान का आयोजन 8 अगस्त 2024 को किया। इस कार्यक्रम की थीम 'एक पेड़ माँ के नाम' थी जिसमें वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई।

इस समारोह के दौरान, प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, मौजूदा पेड़ों की रक्षा करने और पौधों के जीवन को नुकसान पहुँचाने वाली गतिविधियों से दूर रहने की शपथ ली। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित सप्ताह भर की गतिविधियों के लिए माहौल तैयार किया। वृक्षारोपण अभियान में कुल 50 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रत्येक विद्यार्थी को उनकी भागीदारी के बदले में एक पौधा उपहार में दिया गया, जो इस उद्देश्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक

करता है। वृक्षारोपण अभियान के आयोजन और क्रियान्वयन में कई संकाय सदस्यों ने



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्मानित संकाय सदस्यों में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा मलिक, प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा मित्तल गोयल, कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मोहिनी, समन्वयक रिंकिता सहरावत, शारीरिक शिक्षा विभाग के नंद किशोर शामिल थे। सप्ताह भर में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों में कॉलेज परिसर के विभिन्न

के पौधे लगाए, जागरूकता अभियान एक पेड़ माँ के नाम वाणिज्य, प्रबंधन और कंप्यूटर विज्ञान विभागों के साथ-साथ विभिन्न क्लबों और समाजों के संयुक्त प्रयास ने इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। इस अभियान के परिणाम स्वरूप न केवल कई पेड़ लगाए गए, बल्कि प्रतिभागियों के बीच पर्यावरणीय स्थिरता के लिए दीर्घ कालिक प्रतिबद्धता भी पैदा हुई। अग्रवाल कॉलेज को छात्रों और शिक्षकों द्वारा दिखाए गए उत्साह और समर्पण पर गर्व है और भविष्य में पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने के




# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में महिला समानता दिवस मनाया गया

नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह



बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा 24 अगस्त 2024 को महिला समानता दिवस मनाया गया जिसमे एक लैंगिक संवेदनशीलता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। व्याख्यान डॉ. प्रिया अरोड़ा (समन्वयक लक्ष्य 5- लैंगिक समानता, एस.डी.जी क्लब) द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करना था। डॉ. प्रिया अरोड़ा ने महिलाओं के सम्मान एवं उनके अधिकारों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को महिलाओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के तरीके के बारे में शिक्षित किया। उन्होंने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार एवं हत्या की घटना पर चर्चा की तथा छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके सीखने की सलाह दी।

इस व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं को लैंगिक भेदभाव एवं महिलाओं के साथ शोषण के बारे में बेहतर समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम को काफी सराहना मिली तथा इसमें कुल 35 छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज प्रशासन छात्रों में लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन पर जोर दे रहा है।

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने लैंगिक समानता के मुद्दे को संबोधित करने और अपने सभी छात्रों के लिए सम्मानजनक माहौल को बढ़ावा देने में एक सक्रिय कदम उठाया है।

Vol.11, Issue. 3, July-September2024



# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस

**नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ में एनएसएस व एनसीसी इकाईयों द्वारा प्राचार्य डा. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस बड़े उत्साह और समर्पण के साथ 24 सितंबर 2024 को मनाया गया । इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कृमि मुक्ति के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और यह सुनिश्चित करना था कि दवाएं उचित चिकित्सा पर्यवेक्षण के तहत दी जाएं ।

कार्यक्रम की शुरुआत एक सूचनात्मक सत्र से हुई जहां एन.एस.एस. स्वयंसेवकों व एन.सी.सी. कैडेट्स को डा.जयपाल सिंह, कार्यवाहक प्राचार्य ने कृमि मुक्ति के महत्व और समग्र स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में बताया। आंतों के कीड़ों से होने वाले संक्रमण को रोकने के लिए कृमि मुक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिससे बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और विकास में बाधा उत्पन्न होती है।

दवाएं, विशेष रूप से निर्धारित कृमिनाशक गोलियाँ, लाइसेंस प्राप्त चिकित्सा पेशेवरों के सख्त मार्गदर्शन के तहत बच्चों और छात्रों को वितरित की गईं और वितरण प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स ने दवाओं के वितरण के आयोजन और सहायता में सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें 246 विद्यार्थियों ने लाभ प्राप्त किया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी व एन.सी.सी. अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



## अग्रवाल कॉलेज में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं आगामी 1 अक्टूबर, 2024 को परम पूजनीय श्री लाल रतन सिंह गुप्ता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले महा रक्तदान शिविर के संदर्भ में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया।अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस शिविर का आयोजन किया जाता है। अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में यह शिविर लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जयपाल सिंह के संरक्षण में हीमोग्लोबिन जांच शिविर में न केवल विद्यार्थियों ने बल्कि कॉलेज के प्रवक्ताओं ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग 150 रजिस्ट्रेशन हुए और और यह सभी विद्यार्थी रक्तदान शिविर में भी सहभागिता दर्ज करेंगे।



# अग्रवाल कॉलेज में स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



बल्लबगढ़, 14 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने व सभी राष्ट्र सरकारों से मानव अधिकारों को समर्थन व सम्मान देने का महत्वपूर्ण दिन है। इस अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतान्त्रिक मूल्यों व उनके सिद्धांतों के प्रति जागरूक करना व उनमें राजनीतिक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों ने सक्रीय भागीदारी दी। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा भाटी बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैन्सी शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान भावना बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कविता बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. शोभना गोयल, विभागाध्यक्षा, वाणिज्य विभाग, डा. पूजा सैनी, विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग व श्रीमति शैली मालिक, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग ने निभाई क.अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डा. रितु व सहायक प्राध्यापिका पुष्प सौरौत के सहयोग से संपन्न हुआ।




8 फरीदाबाद

फरीदाबाद, शुक्रवार 13 सितंबर, 2024

संक्षिप्त समाचार

# अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

बल्लबगढ़, 12 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ संजीव कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में पोस्टर-मेकिंग तथा स्लोगन-लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इसमें महाविद्यालय के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया कस्लोगन-



लेखन प्रतियोगिता में रिंकिमा ने प्रथम स्थान, संगीता ने द्वितीय स्थान तथा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कपोस्टर-मेकिंग में खुशी ने प्रथम स्थान, निक्की ने द्वितीय स्थान तथा इशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कनिर्णायक मंडल में उषा चौधरी तथा डॉ रेनू माहेश्वरी रहे कयह प्रतियोगिता संयोजिका त्रिमेश कालरा द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गयी कप्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों तथा विजेताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



# कार्यशाला आयोजित

बल्लभगढ़, 14 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ विंग-1 ने शनिवार को "उद्योग और शिक्षा जगत के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका" पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की, जिसका उद्देश्य स्नातकोत्तर छात्रों को आधुनिक परिदृश्य में बौद्धिक संपदा की व्यापक समझ प्रदान करना था। विशेष रूप से पीजी छात्रों के लिए डिजाइन की गई कार्यशाला, शैक्षणिक



शिक्षा और उद्योग प्रथाओं के बीच अंतर को पाटने के संस्थान के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। इसमें इस बात पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई कि कैसे नवाचार को बढ़ावा देने, कृतियों की रक्षा करने और अनुसंधान और विकास को बढ़ाने के लिए अकादमिक और उद्योग दोनों द्वारा आईपीआर का लाभ उठाया जा सकता है। कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग की डॉ. डिंपल और डॉ. शिल्पा गोयल, प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया था। कार्यशाला की व्यवस्था और समन्वयन सुश्री सोनिया यादव, सुश्री लक्ष्मी और सुश्री रितु द्वारा किया गया था। सत्र की वक्ता सीएस नेहा गुप्ता, मेसर्स एनआरजी एंड एसोसिएट्स के मालिक थी। कार्यशाला की शुरूआत वक्ता के पुष्प स्वागत से की गई, जिन्होंने पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और व्यापार रहस्य सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अनुसंधान और वाणिज्यिक सेटिंग्स दोनों में बौद्धिक संपदा प्रबंधन के महत्व को समझाने के लिए वास्तविक दुनिया के उदाहरण और केस अध्ययन साझा किए। छात्र सामग्री के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे, चर्चाओं और प्रश्नोत्तर सत्रों में भाग लिया, जो आईपीआर के रणनीतिक अनुप्रयोग में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान करते थे।





संक्षिप्त समाचार

## पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का अयोजन

बल्लबगढ़, 27 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलिज में एनसीसी के द्वारा अयोजित नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 सितंबर को किया गयो यह सभी गतिविधियां 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली स्वच्छता ही भागीदारी अभियान के अंतर्गत करवाइ जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 27 सितंबर को अग्रवाल महाविद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स ने प्रतियोगिता में भाग लिया ने भाग लिया। यह कार्यक्रम अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता एवं महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में आयोजित कियागया। प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी के एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर बनाए और वेस्ट मटेरियल से सजावटी सामान भी बनाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस अधिकारी डॉ. सुप्रिया ढांडा और एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ. पूजा सैनी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से सभी कैडेट्स को आस पास का वातावरण साफ करने की सलाह दी। अंत में एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित शहीद स्मारक को साफ कर इस अभियान को सफल बनाया।



## महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स गए शैक्षणिक भ्रमण

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ एनसीसी कैडेट को शैक्षणिक भ्रमण के लिए आगरा और फतेहपुर सीकरी ले जाया गया स इस भ्रमण को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेष कुमार गुप्ता (एडवोकेट) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। श्री देवेन्द्र गुप्ता जी का मानना है कि छात्र जीवन में यात्रा के माध्यम से सीखनेष में एक विषेश अनुभव होता है । शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को किताबों से परे सीखने का मौका मिलता है स महाविद्यालय सचिव श्री दिनेश गुप्ता जी का कहना है कि छात्रों को पढ़ाए गए सिद्धांतों का व्यावहारिक अनुभव मिलता है और भ्रमण से छात्रों को सामाजिक और भावनात्मक विकास में मदद मिलती है व छात्रों को संचार, टीमवर्क, और नेतृत्व जैसे सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद मिलती है स प्राचार्य श्री संजीव कुमार गुप्ता ने कैडेट्स के लिए इस निःषुल्क ट्रिप हेतु कॉलेज मैनेजमेंट का आभार प्रकट किया। एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डॉ० पूजा सैनी, कल्चरल हेड डॉ० सुप्रिया ढांडा, डॉ देवेंद्र गहलोत, शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक श्री पवन दलाल, महाविद्यालय क्लर्क श्री सौरभ गुप्ता और प्रीति की देख रेख में सभी कैडेट को प्रातः 5रू00 बजे भ्रमण हेतु आगरा और फतेहपुर सिकरी रवाना किया स इस शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को नए अनुभव सीखने का मौका मिला साथ ही छात्रों को अपनी भावनाओं को प्रबंधित करने में मदद मिली। शैक्षणिक दौरे से प्राप्त तकनीकी ज्ञान और सबक के अलावा छात्रों को वास्तविक दुनिया के गैर–पाठ्यचर्या संबंधी पहलुओं का पता लगा। उदाहरण के लिए, किसी नई जगह पर रहने से उन्हें स्थानीय समुदायों और उनके रहन–सहन के तरीकों (भोजन, संस्कृति, भाषा, फैशन, आदि) के बारे में जानने का मौका मिला स इस भ्रमण से सभी एनसीसी कैडेट्स के साथ उनके परिवार के सभी सदस्य बहुत खुष थे, क्योंकि बच्चों से किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता नहीं ली गई स सभी बच्चों को ट्रिप के प्रत्येक पहलू जैसे कि नाश्ता करना, खाना खिलाना, टिकट इत्यादि के पैसे देना जो कुछ था, वह सब अग्रवाल महाविद्यालय के मैनेजमेंट द्वारा वहन किया गया।



# अग्रवाल कॉलेज में "एक दिवसीय शिविर" का आयोजन

## डॉ. प्रियंका सहरावत ने पौधा भेंट कर प्राचार्य का किया स्वागत




बल्लभगढ़, 27 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज की एन.एस.एस इकाई द्वितीय ने एन.एस.एस इकाई-द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका सहरावत द्वारा 27 सितंबर को "एक दिवसीय शिविर" का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और एन.एस.एस गीत पर संगीतमय प्रस्तुति से की गई। डॉ. प्रियंका सहरावत ने पौधा भेंट कर प्राचार्य का स्वागत किया।

एक दिवसीय शिविर में "स्वच्छता ही सेवा" थीम के तहत स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक बैग के उपयोग से बचने के लिए कपड़े के थैले बनाने की प्रतियोगिता शामिल थी। प्रतियोगिता का निर्णायक डॉ. ज्योति यादव द्वारा किया गया। बी.एस.सी.क (एन) केम की तन्नु। (एन) प्रथम स्थान पर रही, बी.एस.सी.आई (एन) केम की निशु। (एन) ने दूसरा और बी.कॉम की तनीषा (तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को नकद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक नागरिक की मतदान की शक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक छटा भी बिखेरी गई। सांस्कृतिक रंगों के साथ-साथ बॉलीवुड का तड़का भी लगाया गया। छात्र पूरे उत्साह में थे और उन्होंने "एक दिवसीय शिविर" में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक ने छात्रों को ऐसे अभियानों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। यह आयोजन बहुत सफल रहा क्योंकि इस शिविर में 120 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ "नॉट मी बट यू" की भावना के साथ किया गया।




# अग्रवाल महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट का अग्निवीर में चयन



नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

**बल्लबगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट लोकेश का अग्निवीर (आर्मी जीडी रैंक सोलजर) में चयन होने पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता ने कैडेट को बधाई दी। अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता ने लोकेश को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए ये बड़े हर्ष का विषय है व इससे बाकी विद्यार्थियों को भी एक प्रेरणा मिलेगी और इन अग्निवीरों से ही देश के भविष्य के बेहतर नागरिक निकलेंगे और ये आने वाले समय में अपने सपनों को प्राप्त करने के साथ साथ राष्ट्र के सामाजिक स्तर में भी सुधार करेंगे। अग्रवाल महा विद्यालय गवर्निंग बॉडी के महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता ने एनसीसी कैडेट लोकेश का मुँह मीठा कराते हुए कहा कि खुशी की बात है कि लोकेश जैसे युवा जो सैनिक और देशभक्ति की भावना के गुण, नेतृत्व क्षमता और सैन्य सेवा भाव रखते है ऐसे नौजवानों की देश को जरूरत है और न केवल महाविद्यालय बल्कि देश के प्रत्येक युवा को ये प्रेरित करेंगे।

अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने इस विशेष उपलब्धि के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता और एनसीसी इंचार्ज एएनओ सब लेफ्टिनेंट डॉ० पूजा सैनी को भी बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की कल्चरल हेड डॉ० सुप्रिया ढांडा, डीपी डॉ० जगबीर सिंह और एनसीसी के समस्त कैडेट्स ने लोकेश को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।



# अग्रवाल कॉलेज में टैलेंट हंट का आयोजन

बल्लबगढ़, 16 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज में प्रतिभा खोज (टैलेंट हंट) का आयोजनकिया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्रीदेवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता केमार्गदर्शन में महाविद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा हेतु अनेकानेक कार्यक्रमों काआयोजन किया जाता है। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के संरक्षणमें आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्यआगामी यूथ फेस्टिवल के लिए प्रतिभाओं की खोज करना था।



इस टैलेंट हंट के अंतर्गतसाहित्य, नृत्य, संगीत, रंगमंच एवं ललितकला अनुभाग के अनुसार निर्णायक मंडल में आनंद भाटी, डॉ जितेंद्र गौतम, गिरीश कुमार एवम बृजमोहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ सुप्रिया ढांडा एवं सहसंयोजिका डॉ शिल्पा गोयलके निर्देशन में इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथियों केस्वागत के साथ किया गया। नृत्य,सुर एवं कला से भरे इस कार्यक्रम मेंकॉलेज के अनेकानेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी-अपनी प्रतिभाका प्रदर्शन किया।



Vol.11, Issue. 3, July-September2024

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मनाया गया विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस



बल्लबगढ़ (नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह)। अग्रवाल महाविद्यालय की सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड तथा यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष तथा कॉलेज प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में आज 14 सितंबर, 2024 को विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस 2024 मनाया गया। विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस हर वर्ष 14 सितंबर को आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड काउंसलर डॉ. देवेंद्र की देखरेख में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद से मोटिवेशनल स्पीकर एवम सर्व मास्टर ट्रेनर दर्शन भाटिया ने वर्ष 2024 के थीम 'प्राथमिक चिकित्सा एवं खेल' विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने पौधा भेंट कर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। श्री भाटिया ने अपने व्याख्यान में सर्वप्रथम रेडक्रॉस के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला तथा उसके बाद प्राथमिक उपचार के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है तथा बहुत बार खेलते समय प्राथमिक चिकित्सा या उपचार की आवश्यकता

होती है। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं को खेल तथा दिन प्रतिदिन कि हमारी आवश्यकताओं से जोड़कर इसकी महत्ता को रेखांकित किया। यूथ रेड क्रॉस तथा सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के वॉलिंटियर्स ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 38 वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सुभाष कैलोरिया, वाईआरसी काउंसलर ने इस सरल तथा लाभदायक व्याख्यान के लिए श्री दर्शन भाटिया का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में योगाथन का आयोजन

अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में चेयरमैन श्री देवेंद्र गुप्ता व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशादृनिर्देशन में योगाथन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आयोजित योगाथान कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका कुमारी मनीशा की देखरेख में 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' थीम 2024 पर आधारित योग मुद्राएं करवाई गई। इस कार्यक्रम में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि अग्रवाल कॉलेज ने जिला स्तरीय एपेक्स सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स चौंपियनषिप 2024 में सहभागिता दर्ज करवाई है। महाविद्यालय ने 2023 में आयोजित इस चौंपियनशिप में जिला स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल किया था। कार्यक्रम एसडीजी गोल्स क्लब संयोजक डॉ. सारिका कंजलिया, इंचार्ज डॉ. देवेंद्र व सुभाष कैलोरिया के नेतृत्व में किया गया











# INDUCTION PROGRAMES

## अग्रवाल कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन



बल्लभगढ़, 14 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ में बुधवार को बी.कॉम, बी.एस.सी., बी.एस.सी. ऑनर्स और एम.एस.सी. के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी के महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि देवेंद्र गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग एवं अन्य स्टाफ ने शहीद जय भगवान की स्मृति में बनाये गए शहीद स्मारक को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग, डॉ. शोभना गोयल ने उनका स्वागत पुष्प भेंट कर किया। कार्यक्रम की संजीव कुमार गुप्ता ने कॉलेज का संक्षिप्त विवरण दिया और विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। तत्पश्चात डॉ० प्रियंका सहरावत ने कॉलेज की डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की। देवेंद्र कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को कॉलेज के समग्र वातावरण का प्रभावी ढंग से उपयोग करने, लगन से काम करने, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों, खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने घोषणा की जो विद्यार्थी विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा उसे 5 लाख की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष हरियाणा से बाहर एक यात्रा का आयोजन करने का वादा किया। गणित विभागाध्यक्ष डॉ० के.एल कौशिक ने कॉलेज इंफ्रास्ट्रक्चर, परीक्षा पद्धति, आंतरिक मूल्यांकन, गतिविधि कैलेंडर, पाठ- योजना एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति संबंधी नियमों एवं सिद्धांतों को बताया। सभी संकाय

## अग्रवाल कॉलेज में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

**प्रीति शर्मा ने छात्रों को आचार संहिता, एंटी रैगिंग और यंग वूमन राइटर्स क्लब के बारे में दी जानकारी**



बल्लभगढ़, 17 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ के कंप्यूटर साइंस विभाग ने 17 अगस्त को नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज नियमित रूप से इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे छात्रों की सहभागिता और विकास को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता और प्रभारी विंग I, डॉ. सचिन गर्ग के संरक्षण में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान की खोज का प्रतीक है। कंप्यूटर साइंस विभाग की प्रमुख, सुश्री मोहिनी वर्मा ने एक गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद, डॉ. सचिन गर्ग और अन्य संकाय सदस्यों ने प्रेरणादायक भाषण दिए। डॉ. शिल्पा गोयल ने छात्रों को सांस्कृतिक गतिविधियों, करियर काउंसलिंग, और प्रशिक्षण एवं विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कॉलेज जीवन के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि छात्रवृत्ति योजनाएं, आईसीटी सुविधाएं, छात्र कल्याण समितियां और अतिरिक्त गतिविधियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

डॉ. सीमा मलिक ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के बारे में जानकारी दी, और सामाजिक सेवा और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। श्री नंद किशोर ने विभिन्न खेल गतिविधियों और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न संकाय सदस्यों द्वारा छात्रों को विभिन्न सेल्स और समितियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सुश्री प्रीति शर्मा ने छात्रों को आचार संहिता, एंटी रैगिंग और यंग वूमन राइटर्स क्लब के बारे में जानकारी दी और इनके महत्व पर प्रकाश डाला।

सुश्री अनीता ने महिला प्रकोष्ठ, विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ, और मतदाता साक्षरता क्लब के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें कुछ विचारोत्तेजक प्रस्तुतियां भी शामिल थी। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा और विभिन्न मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाई।कार्यक्रम का समापन सुश्री ज्योति गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर सुश्री मोहिनी वर्मा, सुश्री पूनम, सुश्री रीना, सुश्री ज्योति गुप्ता, सुश्री पारुल, सुश्री प्रेरणा, सुश्री निशा, सुश्री प्रीति, सुश्री शालु, सुश्री रोमी, सुश्री निधि, श्री मनीष, सुश्री अनीता, सुश्री ऋतु और श्री महेंद्र जैसे प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।







# अग्रवाल कॉलेज में इंडक्शन सेरेमनी का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



विद्यार्थियों इंडक्शन (दीक्षारंभ) सेरेमनी आयोजन के उपरांत एक साथ।

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में कला संकाय के बीए, बीए अर्थशास्त्र, बी.वॉक (आरएम) एमए हिंदी, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह ( इंडक्शन, दीक्षारंभ सेरेमनी)का आयोजन किया गया। ये इंडक्शन (दीक्षारंभ) सेरेमनीअग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज गर्वनिंग बॉडी के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज गर्वनिंग बॉडी के महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से कॉलेज में नए सत्र में विद्यार्थियों के स्वागत के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीपशिखा प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक डा. जयपाल सिंह एवं वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. केएल कौशिक द्वारा पौधा भेंट कर अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता का स्वागत किया गया। तत्पश्चात डॉ. प्रियंका सहरावत ने कॉलेज की डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की। सभी विभागाध्यक्षों ने अपने विभागों के प्रवक्ताओं का परिचय देते हुए कॉलेज में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्रवक्ता उपस्थित थे। हैड क्लर्क सुपरवाइजर मनमोहन सिंगला ने प्रशासनिक कार्यालय संबंधी जानकारी के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं जैसे बस पास, विश्वविद्यालय के कार्य तथा फीस संबंधी जानकारियां दी। तत्पश्चात अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें महाविद्यालय संबंधी नियमों,सिद्धांतों का पालन करने एवं संस्कारवान बनने का संदेश दिया। अंत में विद्यार्थियों को कॉलेज प्राध्यापकों के संरक्षण में महाविद्यालय परिसर मे भ्रमण भी कराया ताकि वे सभी स्थानों से अवगत हो सकें। धन्यवाद ज्ञापन इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह द्वारा तथा मंच संचालन डॉ. सुप्रिया ढांडा एवं डॉ. पूजा सैनी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया ,साथ ही शपथ भी दिलवाई गई। हर घर तिरंगा मुहिम के तहत अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण की और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड की गई।





जनतंत्र टुडे



EDUCATION-एजुकेशन   हरियाणा-NCR

## अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का किया गया अयोजन

# अग्रवाल कॉलेज में बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन





**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने बल्लभगढ़ में नव प्रवेशित बी.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यक्ष श्री

देवेन्द्र कुमार गुप्ता और महासचिव श्री दिनेश गुप्ता के मार्गदर्शन में, कॉलेज विद्यार्थियों की सहभागिता और विकास को बढ़ावा देने के लिए लगातार ऐसे आयोजन करता रहता है। यह कार्यक्रम कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता और विंग-। के प्रभारी डॉ. सचिन गर्ग के सम्मानीय संरक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की खोज का प्रतीक देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा मलिक ने हार्दिक स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद डॉ. सचिन गर्ग और अन्य संकाय सदस्यों ने प्रेरक संबोधन दिए।

# GUEST LECTURES AT A SPREE

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ पर अतिथि व्याख्यान

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अतिथि व्याख्यान तीन नए अपराधिक कानून विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नई कानून व उनके प्रभाव के बारे में जागरूक करना था। मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट उमा चौहान लीगल एडवाइजर जिला न्यायालय फरीदाबाद रहीं। उन्होंने विद्यार्थी को बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 3 नए कानून 1 जुलाई 2024 से, अंग्रेजों के समय से चले आ रहे आपराधिक कानून का स्थान इन्होंने ले लिया है। उनके विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि अब वीडियोग्राफी ऑनलाइन एफआईआर और कहीं पर भी एफआईआर दर्ज कर सकते हैं। इन कानून के द्वारा न्यायिक प्रक्रिया में भी तेजी लाने की कोशिश की गई है। नई कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है। यह कानून व्यक्ति को सशक्त व न्याय को सुलभ व सरल बनाने की दिशा में कदम है। विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से कानून संबंधी प्रष्न पूछे मुख्य वक्ता ने सभी प्रश्नों का संतोंश पूर्वक उत्तर दिया इस कार्यक्रम में 81 विद्यार्थी उपस्थित रहेद्य यह कार्यक्रम डॉक्टर रितु संयोजिका , कानून साक्षरता प्रकोष्ठ व श्रीमती प्रिया अरोड़ा सहायक प्राध्यापिका के द्वारा आयोजित किया गया।




## Guest Lecture on "Role of Technology Innovation and Entrepreneur in Start-up Success"

Departments of Management & Computer Science under the aegis of IIC Club organized on topic **"Role of Technology Innovation and Entrepreneur in Start-up Success"** for the students of MBA and MCA. Such lectures are organised regularly at Aggarwal College Ballabgarh under the able guidance of Chairman Sh. Devender Kumar Gupta, General Secretary Advocate Sh. Dinesh Gupta and Acting Principal Dr. Sanjeev Kumar Gupta. The event was coordinated under the effective leadership of Dr. Sachin Garg, Incharge (Wing 1). In the beginning of the session Dr. Shilpa Goel, Dean Department of Management & Vice President IIC delivered the welcome speech and presented the floral bouquet to Er. Pankaj Kumar. He focused on understanding the interplay between technology innovation and entrepreneurship. Start-ups can leverage these factors to achieve success and drive growth in today's fast-paced business landscape and how they are playing a crucial role in the upcoming development of start-ups and latest trends and technology e.g. cloud computing and IOT. The students put a lot of questions and the resource person explained each query in very simple and understandable language.



## अग्रवाल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने किया अतिथि व्याख्यान का आयोजन

बल्लभगढ़, 13 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। शुक्रवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अंग्रेजी विभाग द्वारा कॉलेज चेयरमैन श्री



देवेंद्र गुप्ता व कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज, गुरुग्राम की अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका लांबा द्वारा' संचार कौशल' विषय पर प्रकाश डाला गया।

इस व्याख्यान सत्र में मौखिक और गैर-मौखिक संचार तकनीकों को बढ़ाने, प्रभावी सुनने और पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों संदर्भों में स्पष्ट अभिव्यक्ति के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. लांबा ने यूजी और पीजी अंग्रेजी के विद्यार्थियों को संचार क्षमताओं को बेहतर बनाने, विभिन्न विचार विमर्श में अधिक जुड़ाव और समझ को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक उपकरण और रणनीति बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान में ८० विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम की समन्वयक अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सारिका कांजलिया थीं। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. इनायत चौधरी, सुभाष कैलोरिया, मिस शैली मालिक, मिस कशिश चावला व मिस रचना उपस्थित रहे।




## अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा किया गया अतिथि व्याख्यान का आयोजन

नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा आज 9 सितंबर 2024 को एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से हुआ। अतिथि व्याख्यान का विषय-गुप्त काल: भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग रहा।

मुख्य वक्ता के रूप में गवर्नमेंट कॉलेज मोहना, फरीदाबाद के प्राचार्य डॉ0 समशेर सिंह गुलिया थे। उन्होंने बेहद ज्ञानवर्धक व सारगर्भित वक्तव्य दिया। इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

अतिथि व्याख्यान का शुभारंभ इतिहास विभागाध्यक्ष व अतिथि व्याख्यान के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने विद्यार्थियों को मुख्य वक्ता डॉ. समशेर सिंह गुलिया के संक्षिप्त परिचय से किया। मुख्य वक्ता



डॉ0 समशेर सिंह गुलिया ने अपने संबोधन में कहा कि कला, साहित्य, विज्ञान और शासन में उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण गुप्त काल (लगभग 320-540 ई.) को भारत के स्वर्ण युग के रूप में जाना जाता है। चंद्रगुप्त प्रथम, समुद्रगुप्त और चंद्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) जैसे शासकों के तहत भारत ने शांति, समृद्धि और सांस्कृतिक उत्कर्ष का अनुभव किया।

उत्कृष्ट मंदिरों, मूर्तियों और प्रसिद्ध अजंता गुफा चित्रों के निर्माण के साथ कला और वास्तुकला नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई। संस्कृत साहित्य फला-फूला, कालिदास जैसे कवियों ने साहित्यिक उत्कृष्ट कृतियों का निर्माण किया, जबकि धार्मिक ग्रंथ और दर्शन फले-फूले।

विज्ञान और गणित में, आर्यभट्ट जैसे विद्वानों ने अभूतपूर्व योगदान दिया, जिसमें शून्य की अवधारणा का विकास और खगोल विज्ञान में प्रगति शामिल है। इस अवधि में स्थिर राजनीतिक व्यवस्था और आर्थिक समृद्धि द्वारा समर्थित चिकित्सा, धातु विज्ञान और व्यापार में भी प्रगति देखी गई।गुप्त साम्राज्य की सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और बौद्धिक उपलब्धियों ने इसे स्वर्ण युग के रूप में ख्याति दिलाई, जिसने सदियों तक भारतीय सभ्यता को प्रभावित किया।

अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। सभी जिज्ञासाओं का मुख्य वक्ता ने समाधान किया। अतिथि व्याख्यान मुख्य वक्ता को धन्यवाद ज्ञापन से समाप्त हुआ। इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ. सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यान के आयोजन में विशेष सहयोग दिया।





## गणित विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 19 सितंबर 2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में गणित विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद से डा. एडविन मसीह जी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश गुप्ता एवं महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन के लिए इस तरह के व्याख्यान आयोजित होते रहते हैं। व्याख्यान का विषय था– "आधुनिक विश्व में गणितः नवाचार और प्रगति का एक साधन"। व्याख्यान के प्रारंभ में डॉ. गीता त्रिपाठी व अन्य प्रवक्तागणों ने पौधा भेंट कर अतिथि महोदय का स्वागत किया। डा. मसीह ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को व्यवसायिक हुनर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में गणित का महत्व बताया। इस व्याख्यान में उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि गणित हमारे जीवन के हर क्षेत्र में उपयोग होता है चाहे वह विज्ञान हो प्रौघोगिकी, अर्थव्यवस्था या सामाजिक विकास। गणित के सिद्धांतों और तरीकों का उपयोग करके हमें नए विचारों को विकसित करने में मदद करता है, जिससे हमें नवाचार और प्रगति की दिषा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। इस व्याख्यान को सभी विद्यार्थियों ने बड़े ध्यान पूर्वक सुना तथा डॉ. मसीह ने बड़ी सहजता से उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। इस व्याख्यान से कुल 65 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर श्रीमती नेहा गोयल, डॉ. गीता त्रिपाठी, डॉ. रेणु बाला, पूनम गुप्ता, नीलम, रामकिशन, कंचन मलिक, दीपा उपस्थित रहे। व्याख्यान का समापन श्रीमती नेहा गोयल के धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा हुआ।




## आर्यभट्ट क्लब एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली (आई. के.एस) प्रकोठ द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के आर्यभट्ट क्लब ने 21.09. 2024 को बी.एस.सी (एन.एम/सी.एस), बी.एस.सी (ऑनर्स) गणित,बी.कॉम. प्रथम और बी.ए. प्रथम के विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. ममता ठाकुर, एसोसिएट प्रोफेसर, इकेलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रही। उनके व्याख्यान के विशय "वैदिक गणित के मूल " और "वैदिक गणित : वर्गमूल और घनमूल" रहा।

वैदिक गणित एक प्राचीन भारतीय प्रणाली है जो सरल नियमों और सिद्धांतों के आधार पर गणना की अनूठी तकनीक प्रदान करती है। व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को गणित की इस आकर्शक शाखा के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना था।

डॉ. ममता ठाकुर ने वैदिक गणित की उत्पत्ति और मूल सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने जटिल गणनाओं को सरल बनाने में विभिन्न वैदिक तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया। छात्र पूरे सत्र में जुड़े रहे और उन्होंने इंटरैक्टिव चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

आर्यभट्ट क्लब की संयोजक डॉ. प्रिया अरोड़ा द्वारा कार्यक्रम का बहुत अच्छा आयोजन किया गया। यह व्याख्यान 58 (30+28) विद्यार्थियों के लिए एक बहुमूल्य शिक्षण अनुभव रहा।

कार्यक्रम का समापन क्लब की संयोजक डॉ. प्रिया अरोड़ा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने भी अतिथि व्याख्यान के सफल आयोजन पर क्लब को बधाई दी।



## पंचायती राज व्यवस्था और लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीयकरण पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

पंचायती राज व्यवस्था प्रजातंत्र के लिए स्थानीय स्वशासन की महत्वपूर्ण इकाई है लोगों के सशक्तिकरण का माध्यम है विद्यार्थी इसे समझ सकें इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 19—09—2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी की प्रेरणा व् मार्गदर्शन से राजनीति षास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र फॉर्म के अंतर्गत "पंचायती राज व्यवस्था ओर लोकतांत्रिक विकेन्द्रीयकरण" पर अतिथि व्याख्यान करवाया गयां इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. उपासना शर्मा, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में पंचायती राज व्यवस्था के बारे में, इसका महत्त्व और इसके माध्यम से लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाया जा सकता है के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विकेन्द्रीयकरण से स्थानीय शासन को सशक्त बनाया जा सकता है और चुनाव प्रक्रिया में छात्रों और आमजनों की भागीदारी बढाई जा सकती है। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों के सवालों का संतोषजनक जवाब मुख्य वक्ता ने दिया। यह व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रहा इस अवसर पर 75 विद्यार्थी उपस्थित रहे ए यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. रितु व सहायक प्रोफ़ेसर श्रीमती पुष्प सौरौत द्वारा आयोजित किया गया।





हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान,निबंध लेखन और कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता के संरक्षण में कॉलेज में समय—समय पर अनेकानेक प्रतियोगिताएं एवं विशेष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति प्रेम और उसके महत्व को और अधिक बढ़ाना था उन्होंने अपनेवक्तव्य मैं कहा कि हिंदी के प्रति विद्यार्थियों को रुचि रखनी चाहिए और हिंदी दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाना चाहिए ।मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद भाटी (हिंदी प्रवक्ता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से एवं मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर उनके स्वागत के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने "हिंदी भाषा का इतिहास और वर्तमान स्थिति" विशय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत के गर्भ से जन्म लेने वाली हिंदी सर्वाधिक वैज्ञानिकता पूर्ण भाषा है और इसी कारण हिंदी की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रचार एवं प्रसार अत्यधिक बढ़ गया है। जिसके कारण रोजगार के अवसर भी अत्यधिक बढ़ गए हैं। अतिथि व्याख्यान में जहां एक ओर लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता का निभाई वहीं कविता गायन में 25 एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता मे लगभग 40 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रथम,द्वितीय, तष्तीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार के साथ—साथ प्रमाण पत्र भी दिए गए। मंच संचालन हिंदी सहायक प्रवक्ता डॉ मधु सिंगला द्वारा किया गया। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ अशोक निराला,कार्यक्रम संयोजिका डॉ रेनू महेश्वरी, सहायक प्रवक्ता अंजली एवं श्री आशीश सिंह सभी के प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।



Vol.11, Issue. 3, July-September2024

## CONFERENCES/ SEMINARS/ WORKSHOPS/FDPs

# अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्याशी परिषद् रिफॉर्म्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन



बल्लभगढ़, 17 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्याशी परिषद् रिफॉर्म्स 2024 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला का विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बाइनरी एक्रीडिटेन फ्रेमवर्क का परिचय" रहा। यह कार्यक्रम अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता जी एवं महाविद्यालय सचिव दिनेश कुमार गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

अग्रवाल महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी ने विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए प्राचार्यगणो को पौधा भेंट करके स्वागत किया एवं उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया के पुराने और नए (बाइनरी) सिस्टम के बारे में तुलनात्मक विचार प्रस्तुत किये। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ० के० एल० कौशिक जी ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद का मुख्य उद्देश्य कॉलेज और उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता की समझ पैदा करना है। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से वैश्य कॉलेज भिवानी, वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल एवं सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में शिक्षण और सीखने की आधुनिक विधियों, मूल्यांकन प्रक्रिया में विश्वसनीयता, सहायक संरचना और सेवाओं की पर्याप्तता, रखरखाव और उचित आवंटन सुनिश्चित करना, मेट्रिक्स और मापन, सर्वोत्तम अभ्यास और चुनौतियां जैसी अनेक बातों पर विचार विमर्श किया गया। बाहर से आए हुए सभी कॉलेजों ने इस कार्यशाला का लाभ उठाया। कार्यशाला में सुझाव और शंकाओं के लिए जगह खुली रखी गई थी और सभी ने इसका भरपूर स्वागत किया।

टीमों को कॉलिज का दौरा कराया गया और परिसर की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। कॉलिज की लाइब्रेरी की बहुत प्रशंसा की गई। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० विनीत नागपाल (प्रवक्ता कंप्यूटर विभाग) द्वारा किया गया। डॉ० सारिका कंजलिया (प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग) इस कार्यक्रम की आयोजन सचिव रही । इस अवसर पर वैश्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल, वैश्य कॉलिज भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल, वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. पी.के. वर्मा, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल की प्राचार्य डॉ. वंदना त्यागी मौजूद थी। यह एक सफल कार्यक्रम रहा।







Vol.11, Issue. 3, July-September2024

## SPORTS ACHIEVEMENTS

# अग्रवाल महाविद्यालय में पैरालंपिक के विजेताओं का किया गया भव्य हार्दिक अभिनंदन

नेशनल प्रहरी/अमित कनौजिया
फरीदाबाद, 9 सितम्बर। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओ मनीष नरवाल एवं शुभम वशिष्ठ का 10 सितम्बर को भव्य स्वागत किया गया।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश के संरक्षण में महाविद्यालय मे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद संबंधी अनेक गतिविधियां करवाई जाती है। जिसमें महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।



अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन मे पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 में मनीष नरवाल ने रजत पदक एवं शुभम वशिष्ठ ने जर्मनी में आयोजित दूसरे विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप मे 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा मे कांस्य पदक और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा मे रजत पदक जीतकर एक बार फिर न केवल
महाविद्यालय का बल्कि पूरे हरियाणा और फरीदाबाद शहर का नाम रोशन किया है। मनीष नरवाल इससे पूर्व भी वर्ष 2020 में टोक्यो ओलंपिक टोक्यो पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता रहे है। इनके अतिरिक्त और कई विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किये है। शारीरिक शिक्षक डॉ जगबीर सिंह, श्री नंदकिशोर, श्री मोहित हुड्डा और श्री पवन दलाल इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस सुअवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों ने भी इन खिलाड़ियो के आगामी सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।








अ

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा वॉकथॉन का आयोजन

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 27 सितंबर।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के एस.डी.जी क्लब द्वारा 27.09.2024 को कॉलेज परिसर में वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को 90 मिनट के भीतर 10,000 कदम पूरे करने की चुनौती दी गई। यह कार्यक्रम अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थ्रत लश्थड्ढ्य 3 (अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण) के साथ तालमेल बिठाते हुए कॉलेज समुदाय के बीच शारीरिक गतिविधि, स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना था। वॉकथॉन का उद्घाटन कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत का संकेत देने के लिए झंडा लहराकर दौड़ की शुरुआत की। इस प्रतीकात्मक इशारे ने प्रतिभागियों के लिए माहौल तैयार किया, जिससे उन्हें ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ चुनौती को स्वीकार करने की प्रेरणा मिली।

प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें स्पष्ट दिशा प्रदान करने के लिए पूरे निर्दिष्ट मार्ग पर रणनीतिक रूप से साइनेज और लेबल लगाए गए थे। इसमें कुल 40 छात्रों और 14 स्टाफ सदस्यों ने इसमें भाग लिया, जो कॉलेज की स्वास्थ्य और कल्याण पहलों के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वॉकथॉन ने प्रतिभागियों के बीच उत्साह और सौहार्द की भावना पैदा की। वॉकथॉन कार्यक्रम में छात्रों और स्टॉफ सदस्यों दोनों की उत्साही भागीदारी देखी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जगबीर सिंह ( सहायक प्रोफेसर, फिज़ीक्ल एजुकेशन ) द्वारा किया गया।









## Courses Offered

### Traditional Courses

- B.A.
- B.Com.
- B.Sc. (Non-Med.)

### Self-Finance Courses

- BBA
- BBA (CAM)
- BCA
- B.Com. (CA)
- B.Com. (Hons.)
- B.Sc. (Computer Sc.)
- B.A. (Hons) Economics
- B.Sc. (Hons.) Mathematics
- B.Sc. Non-Med. (Chemistry)
- B.A. (Hons) Chemistry
- B.Sc. (Hons.) Physics
- B.Voc. (Retail Management)
- B.Voc. (Software Development)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (English)
- M.A. (Economics)
- M.Sc. (Comp. Sc.)
- M.Sc. (Chemistry)
- M.A./M.Sc. (Maths)
- M.Sc. (Physics)
- M.Com.
- MBA
- MCA

### Add-on Courses

- Functional English
- Accountancy and Tax Procedure
- Accounting on Computers
- Computer Hardware and Maintenance
- Retail Marketing
- Web Designing & Office Automation

## Editorial Board

**Sh. Devender Kumar Gupta**
Chief Patron

**Sh. Dinesh Kumar Gupta**
Patron

**Dr. Sanjeev Kumar Gupta**
Patron

**Dr. Ram Chander**
Editor-in-Chief

**Dr. Sarika Kanjlia**
Associate Editor

**Dr. Pooja Saini**
Associate Editor

**Dr. Vineet Nagpal**
Associate Editor